ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

प्रो. कृष्ण कुमार सिंह
PROF. KRISHNA KUMAR SINGH
कार्यकारी कुलसचिव
ACTING REGISTRAR

**दूरभाष / Phone** : +91-7152-230902
**फैक्स / Fax** : +91-7152-247602

क्रमांक: 006/Estt./AT/63/2019/**1454**
दिनांक: 06/09/2019

# अधिसूचना

कार्य–परिषद द्वारा दिनांक 21.06.2019 को सम्पन्न 63वीं बैठक में मद संख्या–2 के बिंदु–4.5 एवं 4.6 के भाग–(क) के तहत लिए गए निर्णय के अनुसरण में विश्वविद्यालय में **'एडजंक्ट फैकल्टी की नियुक्ति'** हेतु निम्नलिखित नीति निर्धारित की जाती है:

1. विश्वविद्यालय में एडजंक्ट फैकल्टी की नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया का पालन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी संबंधित दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मानदेय सहित अन्य भुगतान आदि के संबंध में समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।
2. नियुक्त किए जाने वाले एडजंक्ट फैकल्टी के कार्य, दायित्व, कार्य की प्रकृति तथा अन्य शर्तें उनके नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएँगी।
3. एडजंक्ट फैकल्टी प्रतिमाह किए गए कार्यों की रिपोर्ट स्वयं तैयार करेंगे और उसकी एक प्रति संबंधित विभागाध्यक्ष को देंगे तथा प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में सेमेस्टर अवधि में किए गए कार्यों की समेकित रिपोर्ट कुलपति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।
4. एडजंक्ट फैकल्टी को विश्वविद्यालय परिसर में ट्रांजिट आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इस हेतु उपभोग की गई बिजली और पानी का भुगतान उन्हें विश्वविद्यालय को देना होगा। शेष व्यवस्थाएँ भी एडजंक्ट फैकल्टी को स्वयं वहन करनी होंगी।

इसे सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

**(प्रो. कृष्ण कुमार सिंह)**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:**

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. वित्ताधिकारी कार्यालय
4. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक एवं क्षेत्रीय केंद्र प्रभारी
5. सहायक कुलसचिव, सामान्य प्रशासन विभाग
6. लीला प्रभारी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. संबंधित पत्रावली / गार्ड फाइल